# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 30.5.25 | 4 | 1-3 |

# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के दिखाये रास्ते पर चलना सच्ची श्रद्धांजलि होगी : प्रो. काम्बोज



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## पूर्व प्रधानमंत्री की 38वीं पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हिसार, 29 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 38 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

प्रो. काम्बोज ने चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि वे किसान व कमेरा वर्ग के सच्चे हितैषी थे। इसलिए उन्हें किसानों का मसीहा कहा गया है। वे कृषि अर्थव्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले उच्च कोटि के विद्वान, लेखक एवं अर्थशास्त्री थे।

चौधरी चरण सिंह किसानों के दिलों में बसते थे और वे कहा करते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है। कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय जिसके साथ चौधरी चरण सिंह का नाम जुड़ा है, उनकी नीतियों के अनुरूप देश के कृषि विकास एवं किसानों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। यदि हम चौधरी चरण सिंह द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ईमानदारी व निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए देश, प्रदेश तथा गरीब किसानों की प्रगति में अपना योगदान देते हैं तो यह इस महान नेता के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 30.5.25 | 4 | 8 |

## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

हिसार| एचएयू में भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि वे किसान व कमेरा वर्ग के सच्चे हितैषी थे। इसलिए उन्हें किसानों का मसीहा कहा गया है। वे कृषि अर्थव्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले उच्च कोटि के विद्वान, लेखक एवं अर्थशास्त्री थे। चौधरी चरण सिंह किसानों के दिलों में बसते थे और वे कहा करते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है। कुलपति ने कहा यह विश्वविद्यालय जिसके साथ चौधरी चरण सिंह का नाम जुड़ा है, उनकी नीतियों के अनुरूप देश के कृषि विकास एवं किसानों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 30.5.25 | 11 | 2.5 |

पूर्व प्रधानमंत्री की 38वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि, प्रो. काम्बोज बोले

# चौधरी चरण सिंह के दिखाए रास्ते पर चलना सच्ची श्रद्धांजलि होगी

**कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय जिसके साथ चौधरी चरण सिंह का नाम जुड़ा है, उनकी नीतियों के अनुरूप समर्पित भाव से कार्य कर रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

प्रो. काम्बोज ने चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि वे किसान व कमेरा वर्ग के सच्चे हितैषी थे। इसलिए उन्हें किसानों का मसीहा कहा गया है। वे कृषि अर्थव्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले उच्च कोटि के विद्वान, लेखक एवं अर्थशास्त्री थे। चौधरी चरण सिंह किसानों के दिलों में बसते थे और वे कहा करते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है। कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय जिसके साथ चौधरी चरण सिंह का नाम जुड़ा है, उनकी नीतियों के अनुरूप देश के कृषि विकास एवं किसानों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। यदि हम चौधरी चरण सिंह द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ईमानदारी व निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए देश, प्रदेश तथा गरीब किसानों की प्रगति में अपना योगदान देते हैं तो यह इस महान नेता के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 30.5.25 | 4 | 6 |


# हकृवि में विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम दो जून से

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में जून मास के दौरान मशरूम उत्पादन तकनीक, बेकरी, बाग प्रबंधन, मधुमक्खी पालन तथा केंचुआ खाद उत्पादन के प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

संस्थान के सह- निदेशक डा. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 2 से 4 जून, बेकरी 4 से 6 जून, बाग प्रबंधन/आर्चर्ड मैनेजमेंट 16 से 18 जून, मधुमक्खी पालन 19 से 21 जून तथा केंचुआ खाद उत्पादन/वर्मीकंपोस्टिंग तकनीक का प्रशिक्षण 25 से 27 जून तक दिया जाएगा। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में देश/ प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयू के इच्छुक महिला या पुरुष प्रशिक्षण ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है और प्रशिक्षण में पूरी अवधि तक भाग लेने वाले उम्मीदवारों को ही विश्वविद्यालय की तरफ से प्रमाण पत्र ही दिया जाएगा। प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों द्वारा राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दी जाने वाली सहायता की भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों का कौशल विकास किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 30.5.25 | 5 | 1-5 |

# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के दिखाए रास्ते पर चलें : काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा प र माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि वे किसान व कमेरा वर्ग के सच्चे हितैषी थे। इसलिए उन्हें किसानों का मसीहा कहा गया है। वे कृषि अर्थव्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले उच्च कोटि के विद्वान, लेखक एवं अर्थशास्त्री थे। चौधरी चरण सिंह किसानों के दिलों में बसते थे और वे कहा करते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है। कुलपति ने कहा कि

- देश के पूर्व प्रधानमंत्री की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें दी भावभीनी श्रद्धांजलि
- चौधरी चरण सिंह किसानों के दिलों में बसते थे इसलिए उन्हें कहा गया है किसानों का मसीहा



कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

यह विश्वविद्यालय जिसके साथ चौधरी चरण सिंह का नाम जुड़ा है, उनकी नीतियों के अनुरूप देश के कृषि विकास एवं किसानों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। यदि हम चौधरी चरण सिंह द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ईमानदारी व निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए देश, प्रदेश तथा गरीब किसानों की प्रगति में अपना योगदान देते हैं तो यह इस महान नेता के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर गांव में 23 दिसम्बर 1902 को हुआ था। ग्रामीण परिवेश में एक गरीब परिवार में पले-बढ़े होने के कारण वे किसानों व गरीब लोगों की समस्याओं को भली भांति समझते थे। वे कहा करते थे कि किसानों की दशा सुधरेगी तो देश सुधरेगा। इसलिए वे जीवनपर्यंत किसानों व कमेरा वर्ग के हित में कार्य करते हुए उनके उत्थान के लिए संघर्षशील रहे। वे 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक देश के प्रधानमंत्री के पद पर कार्यरत रहे। भारत सरकार द्वारा उन्हें वर्ष 2024 में भारत रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 30.5.22 | 2 | 8 |

# एचएयू : 2 से 27 जून तक मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 2 से 27 जून तक मशरूम उत्पादन तकनीक, बेकरी, बाग प्रबंधन, मधुमक्खी पालन व केंचुआ खाद उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

प्रशिक्षण में पंजीकरण के लिए एक फोटो और आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लेकर आनी होगी। संस्थान के सह निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 2 से 4 जून, बेकरी 4 से 6 जून, बाग प्रबंधन/ओर्चर्ड मैनेजमेंट 16 से 18 जून, मधुमक्खी पालन 19 से 21 जून तथा केंचुआ खाद उत्पादन/वर्मीकंपोस्टिंग तकनीक का प्रशिक्षण 25 से 27 जून तक दिया जाएगा। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 30.5.25 | 4 | 7-8 |

# हकृवि में विभिन्न विषयों पर होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 29 मई (ब्यूरो): हकृवि के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में जून मास के दौरान मशरूम उत्पादन तकनीक, बेकरी, बाग प्रबंधन, मधुमक्खी पालन तथा केंचुआ खाद उत्पादन के प्रशिक्षण दिए जाएंगे। संस्थान के सह- निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 2 से 4 जून, बेकरी 4 से 6 जून, बाग प्रबंधन/ओर्चर्ड मैनेजमेंट 16 से 18 जून, मधुमक्खी पालन 19 से 21 जून तथा केंचुआ खाद उत्पादन/वर्मीकंपोस्टिंग तकनीक का प्रशिक्षण 25 से 27 जून तक दिया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| समस्त हरियाणा | 29.5.2025 | -- | -- |


# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के दिखाये रास्ते पर चलना ही होगी सच्ची श्रद्धांजलि : प्रो. काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज



हिसार। **पूर्व प्रधानमंत्री की 38वीं पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रो. काम्बोज ने चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि वे किसान व कमेरा वर्ग के सच्चे हितैषी थे। इसलिए उन्हें किसानों का मसीहा कहा गया है। वे कृषि अर्थव्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले उच्च कोटि के विद्वान, लेखक एवं अर्थशास्त्री थे। चौधरी चरण सिंह किसानों के दिलों में बसते थे और वे कहा करते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है। कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय जिसके साथ चौधरी चरण सिंह का नाम जुड़ा है, उनकी नीतियों के अनुरूप देश के कृषि विकास एवं किसानों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। यदि हम चौधरी चरण सिंह द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ईमानदारी व निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए देश, प्रदेश तथा गरीब किसानों की प्रगति में अपना योगदान देते हैं तो यह इस महान नेता के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर गांव में 23 दिसम्बर 1902 को हुआ था। ग्रामीण परिवेश में एक गरीब परिवार में पले-बढ़े होने के कारण वे किसानों व गरीब लोगों की समस्याओं को भली भांति समझते थे। वे कहा करते थे कि किसानों की दशा सुधरेगी तो देश सुधरेगा। इसलिए वे जीवनपर्यन्त किसानों व कमेरा वर्ग के हित में कार्य करते हुए उनके उत्थान के लिए संघर्षशील रहे। इसलिए उन्होंने किसानों के जीवन को बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास किया। उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री व प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने देश के किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए नीतियों का निर्माण कर उन्हें क्रियान्वित किया। वे 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक देश के प्रधानमंत्री के पद पर कार्यरत रहे। भारत सरकार द्वारा उन्हें वर्ष 2024 में भारत रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अधिष्ठाताओं, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 29.5.2025 | -- | -- |


# हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक, बेकरी, बाग प्रबंधन, मधुमक्खी पालन उत्पादन पर दिया जाएगा प्रशिक्षण

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में जून मास के दौरान मशरूम उत्पादन तकनीक, बेकरी, बाग प्रबंधन, मधुमक्खी पालन तथा केंचुआ खाद उत्पादन के प्रशिक्षण दिए जाएंगे। संस्थान के सह- निदेशक डॉ अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 2 से 4 जून, बेकरी 4 से 6 जून, बाग प्रबंधन/ओर्चर्ड मैनेजमेंट 16 से 18 जून, मधुमक्खी पालन 19 से 21 जून तथा केंचुआ खाद उत्पादन/वर्मीकंपोस्टिंग तकनीक का प्रशिक्षण 25 से 27 जून तक दिया जाएगा। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में देश/ प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयू के इच्छुक महिला या पुरुष प्रशिक्षण ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है और प्रशिक्षण में पूरी अवधि तक भाग लेने वाले उम्मीदवारों को ही विश्वविद्यालय की तरफ से प्रमाण पत्र ही दिया जाएगा। प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों द्वारा राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दी जाने वाली सहायता की भी जानकारी दी जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 29.5.2025 | -- | -- |

# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के दिखाए रास्ते पर चलना सच्ची श्रद्धांजलि होगीः प्रो. काम्बोज

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



प्रो. काम्बोज ने चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि वे किसान व कमेरा वर्ग के सच्चे हितैषी थे। इसलिए उन्हें किसानों का मसीहा कहा गया है। वे कृषि अर्थव्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले उच्च कोटि के विद्वान, लेखक एवं अर्थशास्त्री थे। चौधरी चरण सिंह किसानों के दिलों में बसते थे और वे कहा करते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है। कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय जिसके साथ चौधरी चरण सिंह का नाम जुड़ा है, उनकी नीतियों के अनुरूप देश के कृषि विकास एवं किसानों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। यदि हम चौधरी चरण सिंह द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ईमानदारी व निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए देश, प्रदेश तथा गरीब किसानों की प्रगति में अपना योगदान देते हैं तो यह इस महान नेता के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।